# आखिरी ओवर तक लड़ी एडवोकेट्स ऑल राउंडर्स की टीम और एक विकेट से दूर रह गई





# पंजाब विकास की दौड़ में पीछे चला गया: सैनी

## 2027 में पंजाब में भाजपा की सरकार बनने का दावा

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज



लुधियाना दक्षिणी हलके के ग्यासपुरा मंडल में भाजपा पूर्वांचल मोर्चा की ओर से आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रजनीश धीमान ने की,जबकि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रैली को संबोधित करते हुए नायब सिंह सैनी ने आम आदमी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया और बड़े-बड़े सपने दिखाकर केवल वोट बटोरने का काम किया, जिससे पंजाब विकास की दौड़ में पीछे चला गया। महिलाओं से किए वादों का उल्लेख करते हुए सैनी ने कहा कि पंजाब में 1100 रुपये प्रतिमाह देने का वादा पूरा नहीं किया गया, जबकि हरियाणा में महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह दिए जा रहे हैं। किसानों के मुद्दे पर उन्होंने हरियाणा मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि वहां किसानों की पूरी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाती है और यदि सब्जियों या अन्य फसलों के बाजार भाव कम मिलते हैं तो सरकार अंतर की भरपाई करती है। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही पंजाब को नंबर एक राज्य बनाया जा सकता है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विदेशों में देश की छवि को नुकसान पहुंचाया है।उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों में पंजाब में भाजपा सरकार बनने का दावा भी किया। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सम्मानित किया। रैली में पार्टी के प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश के महामंत्री अनिल सरीन, प्रदेश कोर ग्रुप सदस्य जीवन गुप्ता, प्रवासी मोर्चा के प्रधान राजेश मिश्रा, राज कुमार भरद्वाज, जिला महामंत्री नरेंदर सिंह मल्ली, डाक्टर कनिका जिंदल, जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, डाक्टर निर्मल नय्यर, मनीष चोपड़ा, नवल जैन, लक्की शर्मा, जिला सचिव सतनाम सिंह सेठी, अंकित बत्रा, प्रेस सचिव डा. सतीश कुमार, सोशल मीडिया इंचार्ज राजन पांधे, दफतर सचिव परवीन शर्मा, प्रवक्ता सुरिंदर कौशल, साबिर हुसैन, रोहित सिक्का, पार्षद राजेश मिश्रा, सुनील मौदगिल, विपन विनायक, युवा मोर्चा प्रधान रवि बत्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीनू चुग, निर्मल एस.एस, रवि चौरसिया, भाजपा के मंडलों के अध्यक्ष, मंडलों के प्रभारी आदि भाजपा के हजारों कार्यकर्त्ता इस रैली में शामिल हुए।

## मजदूरों की बच्चियों को हवस का बना रहा था शिकार

# बाबा ने दो मासूम बच्चियों के साथ की अश्लील हरकतें

समर न्यूज | लुधियाना

लुधियाना के रहने वाले कथित बाबा ने हिमाचल के हमीरपुर में दो मासूम बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें की और उनके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़। एक महिला मंदिर में गई, तो वहां पर लड़की मंदिर से रोते हुए बाहर निकली, जिसके बाद इसका खुलासा हुआ। लोगों को जैसे ही इसका पता चला तो उन्होंने बाबा को पकड़कर पिटाई कर दी, जब मामला बढ़ा तो पुलिस को बुलाया गया और लोगों ने बाबा को पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बचित्र सिंह के नाम से हुई, जो हरिओं कला लुधियाना का रहने वाला है। वह कोहली क्षेत्र स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में बाबा बनकर रहता था। मजदूर परिवारों की बच्चियों को लालच देकर बुलाता था। लोगों ने बाबा को पकड़ा, फिर पुलिस के हवाले किया मामला 19 फरवरी का है। उत्तर प्रदेश की रहने वाली एक महिला के मुताबिक, जब वह मंदिर में गई तो वहां पर लड़की को आवाज दी। लड़की मंदिर से रोते हुए बाहर निकली और अपने साथ हुई हरकत के बारे में बताया। जैसे ही यह बात आसपास के लोगों को पता चली, तो वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बाबा को पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने उसकी जमकर पिटाई कर दी। जिसके बाद खुलासा हुआ कि बाबा लंबे समय से मजदूरों की मासूम बच्चियों को अपनी हवस का शिकार बना रहा था। मामला बढ़ने पर इसी दौरान किसी ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर लोगों ने बाबा को उनके हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने ले गई और कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया। मेडिकल रिपोर्ट में प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ का खुलासा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और उसके बाद दोनों मासूम बच्चियों का मेडिकल करवाया। जांच में सामने आया कि आरोपी बाबा ने बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करने के अलावा उनके प्राइवेट पार्ट से भी छेड़छाड़ की है। इसकी पुष्टि मेडिकल रिपोर्ट में भी हो गई है। मामले की जांच कर रही पुलिस एसपी बलबीर सिंह ठाकुर ने कहा कि जिला मुख्यालय के नजदीक कोहली क्षेत्र में एक मंदिर के पुजारी द्वारा नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़ करने का मामला पुलिस में दर्ज हुआ है। आरोपी पुजारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लोगों को जब मंदिर के पुजारी की ओर से नाबालिग बच्चियों से छेड़छाड़ की जानकारी मिली तो उन्होंने उसे पकड़ कर उसकी पिटाई की। जब मामला ज्यादा बढ़ा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग बच्चियों का मेडिकल करवाया गया है। कोर्ट ने आरोपी को पुलिस रिमांड पर भेजा।

## अधिकारियों की लापरवाही से एफ.एंड. सी.सी बैठक रद्द

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

शहर के विकास कार्यों को लेकर सोमवार शाम 4 बजे प्रस्तावित एफ.एंड.सी.सी की अहम बैठक अधिकारियों की लापरवाही के कारण रद्द कर दी गई। निर्धारित समय के 45 मिनट बाद तक जोनल कमिश्नर और एक्सईएन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी कैंप हाउस नहीं पहुंचे, जबकि मेयर, निगम कमिश्नर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर समय पर मौजूद थे। देरी को गंभीरता से लेते हुए मेयर ने अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और बैठक स्थगित कर दी। बैठक में शहर से जुड़े 311 विकास एजेंडों पर चर्चा होनी थी, जिन पर अब फिलहाल रोक लग गई है। सीनियर डिप्टी मेयर राकेश पराशर ने बताया कि अगली बैठक की तारीख अभी तय नहीं की गई है।

## 'कचरा' के नाम पर जनता को जलील करने का आरोप

# नगर निगम के खिलाफ बड़ी शिकायत

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

नगर निगम की कार्यप्रणाली और कचरा प्रबंधन को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। शहर के प्रसिद्ध आरटीआई एक्टिविस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता किमती रावल ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को एक विस्तृत शिकायत भेजकर निगम अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में जोनल कमिश्नर द्वारा कचरा फेंकने वाले नागरिकों की वीडियो बनाकर उन्हें सार्वजनिक रूप से अपमानित करने को "सोशल डेथ" (सामाजिक हत्या) करार दिया गया है।

**मुख्य आरोप: मानवाधिकारों का हनन और तानाशाही-**
किमती रावल ने अपनी शिकायत में कहा है कि नगर निगम अपनी कचरा उठाने की विफलताओं को छिपाने के लिए आम जनता को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि चालान काटना निगम के अधिकार क्षेत्र में है, लेकिन किसी नागरिक को सरेआम अपमानित करना, उनकी वीडियो बनाना और उसे वायरल करना कानूनन अपराध है।

**शिकायत के 5 बड़े बिंदु:-**
शिकायत में पांच गंभीर मुद्दे उठाए गए हैं, जिनमें सबसे पहले अधिकारियों और मार्शलों द्वारा नागरिकों के साथ कथित रूप से सार्वजनिक अपमान और 'गैंग' की तरह व्यवहार करने का आरोप है, जिससे लोगों की सामाजिक प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। इसके अलावा पिछले तीन वर्षों में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मिले फंड में भारी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की गई है और दावा किया गया है कि करीब 50 प्रतिशत राशि की रिकवरी संभव है। घर-घर कचरा उठाने वाली कंपनियों और नगर निगम के बीच हुए ठेकों की पारदर्शिता पर भी सवाल उठाए गए हैं, क्योंकि शुल्क लेने के बावजूद समय पर कचरा नहीं उठाया जा रहा। शिकायत में जोनल कमिश्नर से लेकर इंस्पेक्टर स्तर तक के अधिकारियों की शैक्षणिक डिग्रियों की जांच की मांग भी की गई है। साथ ही शहर में कूड़े के ढेर जलाने से फैल रहे प्रदूषण और बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य से खिलवाड़ का आरोप लगाया गया है।

**रैंकिंग में फिसला लुधियाना-**
शिकायतकर्ता ने केंद्र सरकार की स्वच्छता रैंकिंग का हवाला देते हुए बताया कि 10 लाख से अधिक आबादी वाले 40 शहरों में लुधियाना 39वें स्थान पर है। यह शहर के कचरा प्रबंधन की बदहाली को दर्शाता है।

**"लूटा हुआ पंजाब" बचाने की गुहार-**
किमती रावल ने अपनी शिकायत में भावुक अपील करते हुए कहा कि वे लुधियाना और पंजाब को भ्रष्टाचार के चंगुल से छुड़ाना चाहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि उनके द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाती है, तो उन पर कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन यदि यह सच है, तो भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त से सख्त एक्शन होना चाहिए। निगम अधिकारी अपनी नाकामी का ठीकरा जनता पर फोड़ रहे हैं। किसी की गरिमा के साथ खिलवाड़ करना न्याय नहीं है।

# बाल विकास ट्रस्ट में मासिक कैंप का आयोजन



समर न्यूज | लुधियाना

बाल विकास ट्रस्ट में मासिक कैंप का आयोजन दुगरी कैंपस में किया गया। कैंप में बच्चे पूरे उत्साह से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा के पाठ से हुई जिसमें बच्चों ने लयबद्ध तरीके से पाठ का गुणगान किया। इसके बाद सुमनराज ने अपने उत्साह भरे डांस करवा कर बच्चों में नई उर्जा भर दी। सुमन ने बच्चों को योग व डांस करवाकर वातावरण को आनंदमय बना दिया। इसके बाद एक लिंटल चैंप व्योम मोहिन्द्रा का जन्मदिन बच्चों के साथ मनाया गया। सेलीब्रेशन का उद्देश्य बच्चों के साथ खुशियां बांटना और उन्हें यह एहसास दिलाना कि वह समाज का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा हैं। व्योम मोहिन्द्रा की तरफ से बच्चों के लिए कुल्चे - चने, पापकार्न, खीर मैगी नूडल्स व विस्कट बांटे गए। वहीं मुस्कान गांधी ने बच्चों को केले वितरित किए। स्वाति जैन की तरफ से ड्राईंग बुक्स और क्रेयोन्स बांटी गई। सनशाइन स्कूल के बच्चों को मैथ्स, हिंदी और इंग्लिश की कापियां भी बांटी गई। कार्यक्रम की सबसे महत्त्वपूर्ण घोषणा करते हुए डा. रचना शर्मा ने कहा कि हमारा ट्रस्ट 50 ऐसे बच्चों की क्लास शुरु करने जा रहा है जो बच्चे आजतक स्कूल ही नहीं गए। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए एक टीचर की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर परमजीत बाजवा, राजबीर शर्मा, रीतिक साहनन रीशीता, विमल, स्वाति जैन, मुस्कान गांधी, अकविन्द्र, नीतू अंकिता, सुनीता मोहिन्द्रा, रीजुता जैन व विपिन शर्मा उपस्थित रहे।

## शहर को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से चलाया अभियान

# निगम के बड़े अफसरों की फील्ड विजिट शुरू

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज



शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर निगम लुधियाना द्वारा चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान अब और तेज कर दिया गया है। स्थानीय निकाय मंत्री संजीव अरोड़ा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान की जमीनी हकीकत जानने के लिए नगर निगम के जोनल कमिश्नर खुद फील्ड में उतर आए हैं और हर इलाके की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

नगर निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता के स्पष्ट निर्देशों पर सोमवार को जोन-ए के जोनल कमिश्नर अभिषेक शर्मा और जोन-सी के जोनल कमिश्नर गुरपाल सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सड़कों, आंतरिक गलियों, सार्वजनिक स्थानों और कूड़ा निस्तारण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डाबा रोड, हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के आसपास का क्षेत्र, गांव भोरा, प्रताप चौक सहित कई संवेदनशील इलाकों को कवर किया गया। इस दौरान सफाई व्यवस्था, कचरा उठान, नालियों की स्थिति और स्टैटिक कंपैक्टर साइट्स की कार्यप्रणाली की जांच की गई। जहां भी लापरवाही या कमी पाई गई, वहां संबंधित स्टाफ को मौके पर ही सख्त निर्देश जारी किए गए।

नगर निगम ने सभी चारों जोनों के लिए विशेष निरीक्षण शेड्यूल तैयार किया है। इसके तहत हर जोनल कमिश्नर को अपने क्षेत्र में नियमित रूप से फील्ड विजिट करने और रिपोर्ट देने के आदेश दिए गए हैं, ताकि सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की ढिलाई न हो।

सफाई के साथ-साथ जागरूकता पर भी जोर
नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सफाई के साथ-साथ लोगों को ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करें। नागरिकों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डालने, खुले में कचरा न फेंकने और नगर निगम का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

निगम कमिश्नर डॉ. नीरू कत्याल गुप्ता ने कहा कि सफाई अभियान केवल मुख्य सड़कों तक सीमित नहीं रहेगा। आंतरिक इलाकों, कॉलोनियों, बाजारों और शहर के प्रवेश द्वारों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्कों और ग्रीन बेल्ट से हरे कचरे की समय पर उठान और स्टैटिक कंपैक्टर साइट्स के सुचारू संचालन को भी प्राथमिकता दी जा रही है।


उन्होंने साफ कहा कि वरिष्ठ अधिकारी, जोनल कमिश्नर और संबंधित विभागों के प्रमुख रोजाना फील्ड में रहेंगे। आने वाले दिनों में वह स्वयं भी अलग-अलग इलाकों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लेंगी। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन

## सरकार का सांस्कृतिक प्रयास: मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद

# पंजाब के 23 जिलों में लग रहे विरासती मेले

समर न्यूज | खन्ना

खन्ना में आयोजित 'पंजाब सखी शक्ति मेला-2026' के दूसरे दिन पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्रीतरुणप्रीत सिंह सौंदने शिरकत की। उन्होंने विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आईं हुनरमंद महिलाओं और अन्य प्रतिभागियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का दौरा किया और उनसे संवाद किया।

मंत्री सौंद ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मानकी अगुवाई में पंजाब के सभी 23 जिलों में विरासती मेलों को नई गति मिली है। उन्होंने बताया कि खन्ना शहर में यह मेला पहली बार आयोजित हो रहा है और दूसरे दिन पहले दिन की तुलना में चार गुना अधिक भीड़ उमड़ी। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने परिवारों सहित मेले में पहुंचकर खरीदारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लें। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले अंतरराज्यीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं और देश की विविध संस्कृति को एक मंच पर प्रस्तुत करते हैं। स्टार नाइट में मशहूर पंजाबी गायकअलाप सिकंदरने अपने पितासरदूल सिकंदरको श्रद्धांजलि देते हुए हिट गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आगामी दिनों मेंखान भैणी, लाभ हीरा, हरभजन मान, सिप्पी गिलऔररणजीत बावासहित कई कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

# नारंग परिवार की माता चिंतपूर्णी यात्रा रवाना

## पूर्व मंत्री आशु ने दिखाई हरी झंडी

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज




शहर के अशोक नगर क्षेत्र में आज उस समय भक्तिमय वातावरण बन गया जब नारंग परिवार द्वारा माता श्री चिंतपूर्णी जी के पावन दर्शनों के लिए एक विशेष बस श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना की गई। इस धार्मिक यात्रा को पंजाब के पूर्व मंत्रीभारत भूषण आशुने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने सामूहिक प्रार्थना की और माता रानी के जयकारों से माहौल गूंज उठा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह यात्रा उनकी वर्षों पुरानी पारिवारिक परंपरा का हिस्सा है, जिसके तहत वे नियमित रूप से माता के दरबार में शीश नवाने जाते हैं। प्रिंस नारंग ने कहा कि माता श्री चिंतपूर्णी जी की कृपा से परिवार को सदैव मार्गदर्शन और शक्ति मिलती है।

उन्होंने बताया कि दर्शन और आरती के पश्चात सभी श्रद्धालु शाम तक लुधियाना लौट आएंगे। इस यात्रा में राम नारंग, प्रवीण नारंग, तरुण नारंग, मिठू नारंग और प्रिंस नारंग सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय निवासियों ने भी यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। यह भक्तिमय पहल न केवल परिवार की आस्था को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय समुदाय में भी धार्मिक उत्साह और एकजुटता का संदेश देती है।

## वार्ड-94 में बूथ प्रधानों व वॉलंटियर्स के साथ बैठक

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

वार्ड-94 स्थित गुरसागर विहार के दफ्तर में पार्षद अमन बग्गा ने विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा के दिशा-निर्देशों पर वार्ड के बूथ प्रधानों और वॉलंटियर्स के साथ बैठक की। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पार्षद अमन बग्गा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि जिन लोगों के वोट अब तक नहीं बने हैं, उनकी नई वोट जल्द से जल्द बनवाने की प्रक्रिया पूरी कराई जाए, ताकि कोई भी मतदाता वंचित न रहे। बैठक में विशेष रूप से इंदरजीत कौर की मौजूदगी रही। उन्होंने भी मतदाता जागरूकता और जनसमस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 170